दिन—सोमवार दिनांक— 31 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 07.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. सोन नदी के पानी बटवारे को लेकर बिहार और झारखंड के बीच हुआ समझौता। दोनों प्रदेशों के मुख्यमंत्री ने समझौता पत्र पर किया हस्ताक्षर।

02 बिहार लोक सेवा आयोग ने टीआरई फोर परीक्षा की आवेदन प्रक्रिया को किया स्थगित। नई तिथि शीघ्र होगी घोषित।

03. लोजपा रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा— मंत्री संजय सिंह पर लगे आरोप सही साबित हुए तो होगी कार्रवाई।

04. और, नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ में मृतकों की संख्या बढ़कर नौ सौ तीन हुई। राज्य सरकार गंगा, गंडक, कोसी और सोन नदी के बढ़ते जलस्तर को लेकर है अलर्ट।

---

बिहार और झारखंड के बीच सोन नदी के पानी के बटवारे को लेकर लंबे समय से चला आ रहा विवाद सुलझ गया है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में

आज नई दिल्ली में हुई बैठक में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। समझौत के अनुसार बिहार को पांच दशमलव पांच सात और झारखंड को दो मिलियन एकड़ फीट, एम.ए.एफ पानी दिया जायेगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये गये। इस दौरान दोनों प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर पाटिल भी मौजूद थे।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने दोनों प्रदेशों के बीच हुए समझौते का स्वागत किया है। श्री कुशवाहा ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे शाहाबाद क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी और राज्य की कृषि को बढ़ावा मिलेगा।

---

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज पटना में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में राज्य में उर्वरकों की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न जिलों में किसानों को खाद आसानी से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये है।

———बाइट———

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा के लिए कल से शुरू होने वाली आवेदन की प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित कर दिया है। आयोग ने अधिसूचना जारी कर कहा कि प्रक्रियात्मक बदलाव के कारण आवेदन भरने की तारीख स्थगित की गई है। आवेदन की नई तिथि की घोषणा शीघ्र ही की जायेगी। गौरतलब है कि आयोग ने बत्तीस हजार तीन सौ अट्ठासी पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था।

---

राज्य में सरप्लस शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया में तेजी आ गई है। ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों के सत्यापन का काम आज से शुरू कर दिया गया है। बहत्तर हजार आठ सौ से अधिक शिक्षकों ने स्थानांतरण का विकल्प दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पदस्थापन, सेवा और वरीयता के आधार पर अंक दिये जायेंगे और इस आधार पर स्कूल आवंटन की प्रक्रिया की जायेगी। गौरतलब है कि शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने पिछले दिनों पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्पष्ट किया था कि इकतीस अगस्त से शिक्षकों की तबादलें की प्रक्रिया की जायेगी। वहीं, पांच सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक समाधान पोर्टल की शुरूआत की जायेगी।

———बाइट———

---

लोजपा रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि पार्टी के वरीष्ठ नेता और राज्य सरकार में मंत्री संजय सिंह पर लगे आरोप गंभीर है। श्री पासवान ने कहा कि पार्टी की ओर से संजय सिंह को नोटिस दिया गया है और

कथित मामले की जांच में अगर वे दोषी पाये जाते हैं तो पार्टी उनका बचाव नहीं करेगी।

———बाइट———

जनशक्ति जनता दल प्रमुख तेज प्रताप यादव ने संजय सिंह पर दिल्ली में एक महिला के साथ दुर्व्यवहार का अरोप लगाया है। इधर, संजय सिंह ने तेज प्रताप यादव के खिलाफ पचास करोड़ रूपये की मानहानी का कानूनी नोटिस भेजा है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने आरोपों को वेबुनियाद बताया और साक्ष्य प्रस्तुत करने की चुनौती दी।

———बाइट———

तेज प्रताप यादव ने कहा कि उनके आरोप तथ्यात्मक है और नोटिस का उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है।

———बाइट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कांग्रेस पार्टी पर जातिवादी राजनीति को बढ़ावा देकर समाज को बाटने का आरोप लगाया है। श्री सिन्हा ने पटना में कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी समाज में नफरत फैलाने का कार्य कर रहे हैं।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने देशभर के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल में मौजूद एथनॉल की सटीक मात्रा अनिवार्य रूप से बताने के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। याचिका में केन्द्र सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को इथेनॉल–मिश्रित ईंधन के गाड़ियों के इस्तेमाल की अनुकूलता के बारे में अधिक पारदर्शिता के निर्देश देने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति एम.एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि याचिकाकर्ता अपनी शिकायत संबंधित उच्च न्यायालय दर्ज करा सकता है।

---

वैभव सूर्यवंशी दलीप ट्रॉफी क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेवाज बन गये है। उन्होंने सत्तावन साल पुराना लक्ष्मण सिंह का रिकॉर्ड तोड़ दिया। पूर्वी क्षेत्र की ओर से खेलते हुए वैभव ने उत्तर क्षेत्र के खिलाफ बयालीस गेंदो में अर्धशतक पूरा किया है। वैभव ने इक्यासी गेंदो में बिरानवें रन की शानदार पारी खेली। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्षवर्द्धन ने वैभव सूर्यवंशी की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

---

नेपाल में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 903 हो गई है। चार हजार 247 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। सभी आठ प्रभावित जिलों में राहत और बचाव अभियान तेजी से जारी है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

नेपाल में पाचं से अधिक जलविद्युत परियोजनाओं से जुड़े ढांचों में नौ सौ से अधिक श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। भारत और अन्य देशों विशेषज्ञों के सहयोग से बचाव दल त्रिशुली–तीन–ए सहित कई जलविद्युत परियोजनाओं से जुड़ी सुरंगों में तलाश की जा रही है। तिब्बत में, मृतकों की संख्या 16 हो गई है जबकि 546 लोग लापता हैं। भारतीय बचाव दल, चिलिमे और लांगटांग में पनबिजली संयंत्रों पर नेपाल की सेना के साथ मिलकर काम कर रहा है। नेपाली सेना के प्रवक्ता, राजा राम बसनेट ने बताया कि अत्यधिक मलबे के

कारण सुरंगों तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। लगभग 21 हजार सुरक्षाकर्मी राहत और बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं। समाचार कक्ष से वैष्णवी।

नेपाल में बाढ़ के कारण राज्य में गंडक, कोसी और बागमती समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। वाल्मीकीनगर गंडक बैराज के सभी 36 गेट और वीरपुर स्थित कोसी बैराज के 20 गेट भी खोल दिए गए हैं। राहत की बात है कि पिछले 24 घंटों में दोनों नदियों के जलस्तर में कमी आई है।इस बीच, सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों के बीच सुपौल जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कोसी नदी का जलस्तर सामान्य गति से बढ़ रहा है और कोसी बैराज पूरी तरह सुरक्षित है। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। जलस्तर में और वृद्धि की संभावना के मद्देनजर जल संसाधन विभाग ने तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी है। पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सारण और गोपालगंज जिला प्रशासन अलर्ट पर है और संभावित स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां की गई हैं।

---

उत्तर भारत के राज्यों में भारी बारिश के कारण गंगा नदी के जलस्तर में एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार नदी का जलस्तर राज्य में बक्सर से लेकर भागलपुर के कहलगांव तक बढ़ रहा है। हमारे मुंगेर संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी का पानी नये इलाकों में फैल गया है। रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

जिले में गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी स्तर से पच्चीस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया है। नदी में भारी उफान के कारण दियारा और निचले इलाकों के नये क्षेत्र बाढ़ की चपेट में आ गए। कई इलाकों में संपर्क मार्ग के जलमग्न होने से आवागमन प्रभावित है। गंगा पार के जाफरनगर पंचायत के सीताचरण गांव में कई घर बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। इधर, सदर प्रखंड के कुतलुपुर पंचायत में कई स्थानों पर कटाव भी हो रहा है। जिलाधिकारी निखिल धनराज निपण्णीकर ने संवेदनशिल स्थलों पर स्थिति की निगरानी करने और कटावरोधी कार्य करने के निर्देश दिये। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

---

सोन नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के कारण बाणसागर डैम से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। इससे रोहतास, औरंगाबाद और अरवल समेत विभिन्न जिलों में नदी के तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

मध्यप्रदेश के जलग्रहण क्षेत्र और राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में भारी बारिश के कारण सोन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बाणसागर डैम के आठ गेट खोल दिये गए हैं। लगभग तीन हजार दो सौ सत्ततर क्यूमैक पानी नदी में छोड़ा जायेगा। इससे रोहतास जिले में नदी के रास्ते पानी इन्द्रपुरी डैम तक पहुंचेगा। जिला प्रशासन ने बाढ़ की संभावना को देखते हुए सतर्कता बढ़ा दी है। नदी के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सावधन किया गया है और अपील की जा रही है कि वे उफनती नदी से दुर रहें। आकाशवाणी सामाचार के लिए रोहतास से चंदन कुमार।

---

दक्षिण–पश्चिम मानसून की ट्रफ रेखा राज्य के उत्तरी भागों से गुजर रही है। इसके प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में भारी से अति भारी बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, रोहतास, बक्सर, भोजपुर समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा रिकॉर्ड की गई। सबसे अधिक एक सौ पैंतालीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश औरंगाबाद के गोह में दर्ज की गई। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज बक्सर, गया, जहानाबाद, नालंदा, नवादा समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों के कई स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, गया, कैमूर और रोहतास जिलें में कई स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

---

शेखपुरा जिले के चार खिलाड़ियों– गगन कुमार, अंबर कुमार, सोहिल कुमार और अमित कुमार का चयन नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। इन खिलाड़ियों ने हाल ही में मुजफ्फरपुर में आयोजित बिहार राज्य मुक्केबाजी प्रतियोगिता में अपने–अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

---

पटना के दीघा स्थित राजकीय आईटीआई परिसर में जिला स्तरीय नियोजन सह व्यवसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में सत्ताईस कंपनियों ने भाग लिया। छह सौ पचास अभ्यर्थियों का चयन अंतिम रूप से की जाने की संभावना है।

---

मुंगेर जिले के बरियारपुर में रेलवे ओवर ब्रिज का एक हिस्सा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। जिलाधिकारी निखिल धनराज निपण्णीकर ने अधिकारियों और

अभियंताओं की टीम के साथ स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को क्षतिग्रस्त हिस्से के मरम्मत के निर्देश दिये।

---

सीवान जिले में गैर संचारी रोगों के जांच के लिए कल से चिकित्सा आपके द्वार अभियान चलाया जायेगा।

---

अरवल की जिलाधिकारी अमृषा बैंस ने कलेर प्रखंड के बलिदाद पंचायत में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जीविका सुधा बिक्री केन्द्र का उद्घाटन किया।

---

जहानाबाद जिला उर्वरक सेल ऐप के माध्यम से किसानों से आवेदन प्राप्त करने के मामले में राज्य में दूसरे स्थान पर रहा है। वहीं, डिजिटल क्रॉप सर्वे में जिले को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है।

01. सोन नदी के पानी बटवारे को लेकर बिहार और झारखंड के बीच हुआ समझौता। दोनों प्रदेशों के मुख्यमंत्री ने समझौता पत्र पर किया हस्ताक्षर।

02 बिहार लोक सेवा आयोग ने टीआरई फोर परीक्षा की आवेदन प्रक्रिया को किया स्थगित। नई तिथि शीघ्र होगी घोषित।

03. लोजपा रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा– मंत्री संजय सिंह पर लगे आरोप सही साबित हुए तो होगी कार्रवाई।

04. और, नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ में मृतकों की संख्या बढ़कर नौ सौ तीन हुई। राज्य सरकार गंगा, गंडक, कोसी और सोन नदी के बढ़ते जलस्तर को लेकर है अलर्ट।

समाप्त